पाराशरी नदी किनारे प्रस्तावित शौचालय निर्माण पर उठे सवाल

पलोड पेट्रोल पंप के पास बहने वाली नदी में खुले में गंदगी की शिकायत, लाखों खर्च के बावजूद सुधार नहीं होने का आरोप

पलोड पेट्रोल पंप के पास से गुजरने वाली पाराशरी नदी की मौजूदा स्थिति को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी है. नागरिकों का कहना है कि नदी का यह हिस्सा धीरे-धीरे खुले में शौच और गंदगी का केंद्र बनता जा रहा है, जिससे आसपास का वातावरण भी प्रभावित हो रहा है.स्थानीय लोगों के अनुसार पाराशरी नदी के संरक्षण और कायाकल्प के नाम पर नगर पालिका परिषद द्वारा लाखों रुपये खर्च किए जा चुके हैं, लेकिन धरातल पर अपेक्षित सुधार दिखाई नहीं दे रहा है. उनका कहना है कि यदि नियमित सफाई, निगरानी और आवश्यक जनसुविधाओं की व्यवस्था की जाती, तो नदी की यह स्थिति नहीं होती.नागरिकों ने बताया कि यह मार्ग ग्राम पचमा को गंजबासौदा से जोड़ने वाला प्रमुख संपर्क मार्ग है, जिससे प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग आवागमन करते हैं. ऐसे में नदी के आसपास फैली गंदगी न केवल शहर की छवि को प्रभावित कर रही है, बल्कि राहगीरों और स्थानीय लोगों के लिए भी परेशानी का कारण बन रही है.

स्थानीय लोगों ने नगर पालिका परिषद से पाराशरी नदी के संरक्षण, नियमित सफाई, प्रभावी निगरानी और आवश्यक सार्वजनिक सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि नदी का पर्यावरण सुरक्षित रह सके और क्षेत्र की स्वच्छता में सुधार हो.

खास बातें

- सौंदर्यीकरण की मांग तेज, पहले अधूरे शौचालय को करें चालू
- नदी संरक्षण और पर्यावरण पर भी दें ध्यान

पचमा रोड पाराशरी नदी पुल के पास वर्षों से बदहाल स्थिति, मरम्मत और संचालन की मांग

पचमा रोड स्थित पाराशरी नदी पुल के पास नगर पालिका परिषद द्वारा लोगों की सुविधा के लिए सुलभ शौचालय का निर्माण कराया गया था, लेकिन देखरेख के अभाव में यह आज पूरी तरह बदहाल हो चुका है. स्थिति यह है कि असामाजिक तत्व शौचालय के दरवाजे तक उखाड़ ले गए हैं और अंदर लगी टाइल्स भी निकाल ली गई हैं. पूरा परिसर गंदगी से अटा पड़ा है तथा भवन जर्जर अवस्था में पहुंच गया है.स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते शौचालय की मरम्मत करा दी जाती, इसके संचालन का ठेका दे दिया जाता और नियमित पानी व साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाती, तो इसकी यह दुर्दशा नहीं होती. रखरखाव के अभाव में लाखों रुपये की लागत से निर्मित यह सार्वजनिक सुविधा अब उपयोग के बजाय उपेक्षा का उदाहरण बन गई है.नागरिकों का कहना है कि नगर पालिका परिषद को इस शौचालय का शीघ्र जीर्णोद्धार कर इसे पुन: संचालित करना चाहिए, ताकि आम लोगों को सुविधा मिल सके और सार्वजनिक धन से निर्मित संपत्ति सुरक्षित रह सके. फिलहाल यह जर्जर शौचालय नगर पालिका की अनदेखी और रखरखाव की कमी की कहानी बयां कर रहा है.

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा 3 जुलाई, पाराशरी नदी के निकट नागरिक सहकारी बैंक से सटी भूमि पर नगर पालिका परिषद द्वारा सार्वजनिक शौचालय निर्माण की तैयारी को लेकर स्थानीय नागरिकों ने सवाल उठाए हैं. उनका कहना है कि एक ओर पाराशरी नदी के संरक्षण, सौंदर्यीकरण और कायाकल्प की बातें की जा रही हैं, वहीं दूसरी ओर नदी के समीप शौचालय निर्माण का निर्णय भविष्य में प्रदूषण और गंदगी बढ़ाने का कारण बन सकता है.

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस स्थान पर घाट निर्माण, वृक्षारोपण और सौंदर्यीकरण की योजना बनाई जानी चाहिए थी, ताकि पाराशरी पुल के दोनों ओर हरियाली विकसित हो और लोगों को स्वच्छ वातावरण के साथ आकर्षक दृश्य मिल सके. साथ ही नदी किनारे मिट्टी के कटाव को रोकने के लिए पत्थर पिचिंग कर हरित क्षेत्र विकसित करने की आवश्यकता भी लंबे समय से महसूस की जा रही है.नागरिकों ने यह भी कहा कि नगर पालिका द्वारा राजीव गांधी जन चिकित्सालय के समीप एक सार्वजनिक शौचालय का निर्माण वर्षों पहले कराया गया था, लेकिन वह अब तक शुरू नहीं हो सका है. यदि उसी शौचालय को संचालित कर दिया जाए तो लोगों को पर्याप्त सुविधा मिल सकती है और नए निर्माण पर अतिरिक्त खर्च की आवश्यकता नहीं पड़ेगी. लोगों का कहना है कि नगर पालिका परिषद जाने वाले जनप्रतिनिधि और अधिकारी प्रतिदिन इसी मार्ग से गुजरते हैं, इसके बावजूद अधूरे पड़े शौचालय को शुरू कराने की दिशा में कोई पहल नहीं हो रही है. उनका मानना है कि नए निर्माण की बजाय पहले मौजूदा संसाधनों का उपयोग सुनिश्चित किया जाना चाहिए.नागरिकों ने नपा से मांग की है कि पाराशरी नदी के पर्यावरणीय महत्व को ध्यान में रखते हुए प्रस्तावित शौचालय निर्माण के निर्णय पर पुनर्विचार किया जाए तथा नदी संरक्षण और सौंदर्यीकरण को प्राथमिकता दी जाए.

जय स्तंभ चौक क्षेत्र को मिलेगी सुविधा, खुले में गंदगी पर भी लगेगी रोक

- सार्वजनिक शौचालय के लिए बेहतर स्थान का सुझाव
- तहसील परिसर के पास निर्माण की उठी मांग

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा 3 जुलाई. पाराशरी नदी के समीप प्रस्तावित सार्वजनिक शौचालय निर्माण को लेकर स्थानीय नागरिकों ने वैकल्पिक स्थान का सुझाव दिया है. उनका कहना है कि तहसील परिसर की बाउंड्री वॉल अथवा लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की बाउंड्री वॉल से सटी पर्याप्त खाली भूमि पर सार्वजनिक शौचालय का निर्माण किया जा सकता है.

नागरिकों के अनुसार इस स्थान के पास गटर की सुविधा भी उपलब्ध है, जिससे शौचालय के संचालन में तकनीकी दिक्कत नहीं आएगी. साथ ही जय स्तंभ चौक एवं आसपास के क्षेत्रों के लोगों को बेहतर सुविधा मिलेगी और खुले में गंदगी फैलाने की समस्या पर भी प्रभावी रोक लग सकेगी.स्थानीय लोगों का कहना है कि इस प्रस्ताव पर नगर पालिका परिषद की बैठक में गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए था, ताकि शहरहित में उपयुक्त स्थान का चयन हो सके. उनका मानना है कि जनसुविधाओं के निर्माण में प्राथमिकता जनहित और व्यावहारिकता को मिलनी चाहिए, न कि केवल श्रेय लेने की होड़ को.नागरिकों ने नगर पालिका परिषद से मांग की है कि सार्वजनिक शौचालय निर्माण के लिए सभी संभावित स्थलों का तकनीकी और पर्यावरणीय दृष्टि से परीक्षण कर शहर के लिए सबसे उपयुक्त स्थान का चयन किया जाए.

निलंबित शिक्षक के खिलाफ विभागीय कार्रवाई जारी

नवभारत न्यूज

विदिशा. विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने सहायक शिक्षक उमेश चंद्र गुप्ता से संबंधित भ्रामक एवं तथ्यहीन जानकारी का खंडन करते हुए स्पष्ट किया है कि उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई नियमानुसार जारी है. विभाग के अनुसार शिक्षक को पहले निलंबित किया गया था और वर्तमान में सेवा से पृथक हैं. शासकीय राशि की वसूली की कार्रवाई भी प्रचलित है, जिसमें विभिन्न मदों से राशि समायोजित की जा चुकी है.

विभाग ने बताया कि वेतन निर्धारण, अवकाश और अन्य प्रकरण नियमानुसार विचाराधीन हैं. साथ ही आमजन से अपील की गई है कि अपुष्ट और भ्रामक सूचनाओं पर विश्वास न करें तथा केवल विभाग द्वारा जारी आधिकारिक जानकारी को ही प्रमाणिक मानें.

समाज के सच्चे नायकों का हुआ सम्मान, लायंस क्लब विदिशा सनराइज ने चिकित्सकों और सीए का किया अभिनंदन

- डॉक्टर्स डे एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स डे पर आयोजित सम्मान समारोह में उत्कृष्ट सेवाओं को किया गया नमन

नवभारत न्यूज

विदिशा. सेवा, समर्पण और सामाजिक उत्तरदायित्व के मूल्यों को साकार करते हुए लायंस क्लब विदिशा सनराइज द्वारा डॉक्टर्स डे एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स डे के अवसर पर गरिमामय सम्मान समारोह आयोजित किया गया. कार्यक्रम में चिकित्सा एवं वित्तीय क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले विशेषज्ञों का सम्मान कर उनके प्रति समाज की कृतज्ञता व्यक्त की गई.

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ. क्लब अध्यक्ष लायन डॉ. अमित ठाकुर ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि चिकित्सक मानव जीवन के रक्षक हैं, जबकि चार्टर्ड अकाउंटेंट्स राष्ट्र की आर्थिक व्यवस्था के सशक्त प्रहरी हैं. उन्होंने कहा कि दोनों ही अपने ज्ञान, ईमानदारी और सेवा भाव से समाज एवं राष्ट्र निर्माण में अमूल्य योगदान दे रहे हैं और ऐसे व्यक्तित्वों का सम्मान करना समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी है.इस अवसर पर डॉ. सुधीर जैन, डॉ. पीयूष श्रीवास्तव, डॉ. रूपाली जैन, रीजन चेयरपर्सन डॉ. आरती शुक्ला, डॉ. प्रीती कौर एवं डॉ. अपूर्वा यादव को चिकित्सा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया. वहीं सीए जितेश जैन एवं सीए पूनम जाजू को वित्तीय अनुशासन, पारदर्शिता और उत्कृष्ट व्यावसायिक सेवाओं के लिए प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति-चिह्न प्रदान किए गए.सम्मानित अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि समाज की सेवा ही प्रत्येक पेशे की सबसे बड़ी पहचान है. उन्होंने नागरिकों से स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने तथा आर्थिक अनुशासन और नैतिक मूल्यों को अपनाने का संदेश दिया.कार्यक्रम का प्रभावशाली संचालन लायन शालिनी भार्गव एवं डॉ. प्रीती कौर ने संयुक्त रूप से किया. अंत में लायन अमोल अग्रवाल ने सभी अतिथियों एवं सदस्यों का आभार व्यक्त किया.समारोह क्लब अध्यक्ष लायन डॉ. अमित ठाकुर एवं क्लब सचिव लायन शोभित भार्गव के नेतृत्व में संपन्न हुआ. इस अवसर पर लायन अमोल अग्रवाल, लायन प्रीति अग्रवाल, लायन चेतन शाह, लायन राजेंद्र खेड़ा, लायन अनुराग जाजू, लायन कुशाग्र शर्मा, लायन नयन दुबे सहित क्लब के अनेक सदस्य उपस्थित रहे.कार्यक्रम के समापन पर सभी अतिथियों एवं सदस्यों ने हाई टी के दौरान सौहार्दपूर्ण वातावरण में आपसी संवाद किया. समारोह समाज के उन अनमोल व्यक्तित्वों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता का प्रेरक उदाहरण बना, जो अपने कार्यों से प्रतिदिन समाज को नई दिशा और नई ऊर्जा प्रदान कर रहे हैं.

उर्वरक ई-टोकन बुकिंग का शुल्क 15 रुपये तय, अधिक वसूली पर होगी कार्रवाई

नवभारत न्यूज

विदिशा. किसानों को उर्वरक वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता और सुविधा उपलब्ध कराने के लिए संचालित ई-विकास प्रणाली के तहत उर्वरक ई-टोकन बुकिंग का सेवा शुल्क 15 रुपये निर्धारित किया गया है. प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि एमपी ऑनलाइन और कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) किसानों से निर्धारित शुल्क से अधिक राशि नहीं वसूल सकते.यदि किसी केंद्र द्वारा 15 रुपये से अधिक शुल्क लिया जाता है तो संबंधित केंद्र के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी. किसानों से भी अपील की गई है कि अधिक शुल्क वसूले जाने पर इसकी सूचना तत्काल संबंधित अधिकारियों को दें, ताकि उचित कार्रवाई की जा सके.

लायंस क्लब आर्या ने शुरू किया नशा मुक्ति अभियान

- वर्षभर जिले में चलेगा जनजागरुकता अभियान

नवभारत न्यूज

विदिशा. लायंस क्लब विदिशा आर्या द्वारा विदिशा सेवा संस्थान कच्छी भवन में नशा मुक्त भारत-एक नई पहल अभियान का शुभारंभ किया गया. कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष मंजू पांडे ने उपस्थित सभी लोगों को नशा मुक्त भारत का संकल्प दिलाया. क्लब ने इस अभियान को वर्ष 2026-27 की अपनी सिग्नेचर एक्टिविटी घोषित करते हुए पूरे वर्ष जिलेभर में जनजागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया.

कार्यक्रम की शुरुआत पूर्व गवर्नर एमजेएफ लायन अतुल शाह के मार्गदर्शन से हुई. उन्होंने नशे के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए समाज को इससे मुक्त बनाने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता बताई.रीजन चेयरपर्सन लायन आरती शर्मा ने नशा मुक्ति को सामाजिक आंदोलन बनाने का आह्वान किया. वहीं एडिशनल कैबिनेट सेक्रेटरी एमजेएफ लायन राजकुमार सर्राफ, लायन अरुण कुमार सोनी, जोन चेयरपर्सन लायन डॉ. दिनेश शर्मा तथा लायन सी.एल. गोयल ने भी नशा मुक्त भारत के लिए अपने विचार रखते हुए युवाओं को नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया.कार्यक्रम में लायंस क्लब विदिशा आर्या की पूर्व जोन चेयरपर्सन शशि सिलाकारी, प्रथम उपाध्यक्ष उषा चौबे, सचिव मीरा सिंह, कोषाध्यक्ष रोमा राठौर, ममता श्रीवास्तव सहित क्लब के सभी सदस्य उपस्थित रहे. कार्यक्रम में वर्षभर व्यापक स्तर पर नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाने का संकल्प लिया गया.

शहर वाचनालय में संत नामदेव जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा 3 जुलाई, शहर वाचनालय पाठक संघ के तत्वावधान में प्रसिद्ध संत, विख्यात भजन गायक एवं भगवान विष्णु के परम भक्त संत नामदेव जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में संत नामदेव जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई.

कार्यक्रम का संचालन शहर वाचनालय पाठक संघ के संयोजक दीपक तिवारी ने किया. इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने संत नामदेव जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें महान संत बताते हुए उनके सिद्धांतों, आदर्शों और आचरण का अनुसरण करने का संकल्प दिलाया.सेवानिवृत्त शिक्षक कैलाश नामदेव ने संत नामदेव जी के जीवन से जुड़े कई प्रेरणादायक संस्मरण साझा किए. वहीं मोहन सैनी, श्री पंथी जी एवं सतीश शिल्पकार ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए संत नामदेव के जीवन को समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताया.कार्यक्रम में मोहन सैनी, कैलाश नेमा सहित बड़ी संख्या में पाठकगण उपस्थित रहे. चिरंजीव राघव पिंगले की विशेष उपस्थिति भी रही. अंत में शहर वाचनालय प्रभारी सतीश शिल्पकार ने सभी उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया.

शिक्षिका मनोरमा सोनी सेवानिवृत्त

नवभारत न्यूज

पठारी. शासकीय एकीकृत बालक माध्यमिक विद्यालय, पठारी में पदस्थ सहायक शिक्षिका मनोरमा सोनी के सेवानिवृत्त होने पर विद्यालय परिवार द्वारा भावभीना विदाई समारोह आयोजित किया गया. कार्यक्रम का आयोजन मां गायत्री मैरिज गार्डन में हुआ, जहां शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, अभिभावकों एवं विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों ने उनकी सेवाओं का सम्मान किया.समारोह को संबोधित करते हुए प्रधान अध्यापक जगदीश श्रीवास्तव ने कहा कि मनोरमा सोनी अपने पूरे सेवाकाल में समय की पाबंद, अनुशासनप्रिय एवं कर्तव्यनिष्ठ शिक्षिका रहीं. उन्होंने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए सदैव समर्पित भाव से कार्य किया.अपने उद्बोधन में सेवानिवृत्त शिक्षिका मनोरमा सोनी ने कहा कि उनका जीवन राष्ट्र और समाज के निर्माण के लिए समर्पित रहा है और आगे भी वे समाजसेवा, धर्म, प्रकृति संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन तथा जनकल्याण के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाती रहेंगी.इस

अवसर पर उपस्थित अतिथियों एवं सहयोगियों ने पुष्पमालाएं पहनाकर, शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया. कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार की ओर से पौधारोपण किया गया, जिसकी सभी ने सराहना की. इसके बाद सभी अतिथियों के लिए स्नेह भोज का आयोजन भी किया गया.समारोह में विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, कर्मचारी, नगर के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, अभिभावक एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे.

संभल पोर्टल पर लंबित आवेदनों में विदिशा प्रदेश में सबसे बेहतर, केवल 22 आवेदन शेष

नवभारत न्यूज

विदिशा, 3 जुलाई,मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना के पोर्टल पर लंबित आवेदनों के निराकरण में विदिशा जिले ने प्रदेश में सबसे उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। 3 जुलाई 2026 की स्थिति में जारी रिपोर्ट के अनुसार विदिशा में कुल केवल 22 आवेदन लंबित हैं, जो प्रदेश के सभी 55 जिलों में सबसे कम हैं.

रिपोर्ट के अनुसार विदिशा में 0 से 30 दिन की श्रेणी में 20 आवेदन तथा 31 से 99 दिन की श्रेणी में मात्र 2 आवेदन लंबित हैं. वहीं 100 दिन से अधिक की किसी भी श्रेणी में एक भी आवेदन लंबित नहीं है. इससे स्पष्ट है कि जिले में पुराने लंबित मामलों का पूरी तरह निराकरण कर दिया गया है.प्रदेश स्तर पर सबसे अधिक लंबित आवेदन भोपाल (664), रीवा (474) और मंदसौर (446) में दर्ज किए गए हैं, जबकि सबसे कम लंबित आवेदनों के मामले में विदिशा (22) पहले स्थान पर है। इसके बाद झाबुआ (54), पांढुर्णा (58) और खरगोन (67) का स्थान है.प्रदेशभर में संभल पोर्टल पर कुल 13,216 आवेदन लंबित हैं. इनमें 0 से 30 दिन के 3,066, 31 से 99 दिन के 3,180, 100 से 299 दिन के 4,578, 300 से 499 दिन के 789 तथा 500 दिन से अधिक पुराने 1,603 आवेदन शामिल हैं.विदिशा का यह प्रदर्शन प्रशासन की सतत मॉनिटरिंग, समयबद्ध निराकरण और प्रभावी कार्यप्रणाली का परिणाम माना जा रहा है.जिले में लंबित आवेदनों को न्यूनतम स्तर पर लाकर प्रशासन ने प्रदेश के अन्य जिलों के लिए एक उदाहरण प्रस्तुत किया है.

अव्यवस्था | गरीबों की सुविधा के लिए बनी सार्वजनिक संपत्ति आज जर्जर, रखरखाव नहीं होने से बढ़ी बदहाली

भव्य उद्घाटन के बाद उपेक्षा का शिकार हुआ सुलभ शौचालय

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा. पचमा रोड स्थित पाराशरी नदी पुल के पास निर्मित सुलभ शौचालय का उद्घाटन जनप्रतिनिधियों द्वारा भव्य समारोह के साथ किया गया था. उस समय इसे गरीबों और आम नागरिकों के लिए बड़ी सौगात बताते हुए कहा गया था कि इसके संचालन से लोगों को खुले में शौच और गंदगी फैलाने की समस्या से राहत मिलेगी.लेकिन उद्घाटन के बाद इस सार्वजनिक सुविधा के रखरखाव पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया. स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर पालिका परिषद के अधिकारियों और कर्मचारियों की अनदेखी के कारण शौचालय धीरे-धीरे बदहाल होता चला गया. आज इसकी स्थिति यह है कि भवन जर्जर हो चुका है, दरवाजे और टाइल्स तक उखड़ चुके हैं तथा परिसर गंदगी से भरा पड़ा है.

नागरिकों का कहना है कि यदि समय-समय पर रखरखाव, मरम्मत, पानी और साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाती, तो यह शौचालय आज भी लोगों के उपयोग में रहता. उन्होंने नगर पालिका परिषद से मांग की है कि इस सार्वजनिक संपत्ति का शीघ्र जीर्णोद्धार कर इसे दोबारा संचालित किया जाए, ताकि जिस उद्देश्य से इसका निर्माण किया गया था, वह पूरा हो सके.

राजस्व मामलों के समयबद्ध निराकरण में विदिशा अव्वल, पुरानी पेंडेंसी लगभग खत्म

नवभारत न्यूज

विदिशा. राजस्व प्रकरणों के समयबद्ध निराकरण में विदिशा जिले ने भोपाल संभाग में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है. जारी समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार, जिले में लंबित प्रकरणों की संख्या अधिक होने के बावजूद पुराने मामलों के निराकरण में सबसे बेहतर स्थिति दर्ज की गई है.

रिपोर्ट के अनुसार, नामांतरण के कुल 5,481 प्रकरण लंबित हैं, लेकिन 180 दिन से अधिक पुराना एक भी मामला शेष नहीं है. जबकि भोपाल, सीहोर, राजगढ़ और रायसेन जिलों में निर्धारित समय सीमा से अधिक पुराने प्रकरण अब भी लंबित हैं.बंटवारा प्रकरणों में विदिशा में कुल 1,578 मामले लंबित हैं, जिनमें 90 दिन से अधिक पुराने केवल 8 प्रकरण हैं. यह संख्या भोपाल संभाग के सभी जिलों में सबसे कम है. इसी प्रकार सीमांकन के 2,291 लंबित प्रकरणों में केवल 17 मामले ही 45 दिन से अधिक पुराने हैं, जबकि अन्य जिलों में ऐसे मामलों की संख्या काफी अधिक है.रिपोर्ट से स्पष्ट है कि राजस्व विभाग ने समय-सीमा से अधिक लंबित प्रकरणों के निराकरण पर विशेष ध्यान दिया है. लगातार मॉनिटरिंग और प्रभावी कार्यप्रणाली के कारण वर्षों से लंबित मामलों की पेंडेंसी लगभग समाप्त होने की स्थिति में पहुंच गई है.

मौन सूचना

विकास पचौरी जी मौन साधना कर रहे हैं. इसलिए निःशुल्क शव वाहन हेतु कृपया फोन न करें बल्कि शेरपुरा विदिशा स्थित विकास पचौरी रेडियो स्टेशन आकर जानकारी देने की कृपा करें.

ब्लड की जरूरत होने पर www.vikaspachori.in वेबसाइट पर रक्तदाताओं की लिस्ट देखने का कष्ट करें.

मोबाइल के प्ले स्टोर पर टाइप कीजिए VIKAS PACHORI RADIO

विकास पचौरी रेडियो 84 35 250 250

और फिर 24 घंटे आनंद लीजिए

:: नाम परिवर्तन सूचना ::

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि में हसीना पत्नी मुजफ्फर खान निवासी वार्ड नं.-17 ढलकपुरा विदिशा (म.प्र.) पूर्व में मेरा नाम हसीना बानो था। जिसे मेंने बदल कर हसीना रख लिया है, मेरी अन्य शासकीय सत्र दस्तावेजों में मेरा नया नाम हसीना लिखा है। अत: मुझे (भविष्य में मेरे नया सही नाम हसीना से जाना व पहचाना जायें)

हसीना पत्नि मुजफ्फर खान
मकान न.13, वार्ड नं.17 ढलकपुरा, विदिशा (म.प्र.)

जन्मतिथि संशोधन संबंधी सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री कु. रोशनी कुशवाह की शैक्षणिक अंकसूचियों में भूलवश जन्मतिथि 16/12/2009 अंकित हो गई है, जबकि उसकी सही एवं वास्तविक जन्मतिथि 26/12/2009 है। अत: जन्मतिथि संशोधन के उद्देश्य से यह सूचना सार्वजनिक रूप से प्रकाशित कराई जा रही है। यदि किसी व्यक्ति को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो वह नियमानुसार सक्षम प्राधिकारी के समक्ष निर्धारित अवधि में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

मनोज कुशवाह पुत्र श्री बाबूलाल कुशवाह
निवासी-ग्राम सीहोद, तहसील ग्यारसपुर, जिला विदिशा म.प्र.